25

विश्वास के द्वारा विजय

(11:30-40)

मसीही लोग, जिनके नाम मूल में इब्रानियों की पुस्तक लिखी गई थी, निराशा, उदासीनता और यहां तक कि विश्वास को छोड़ने के खतरे जैसी कई समस्याओं में थे। उन्हें यह समझने की आवश्यकता थी कि उनकी समस्याओं का उत्तर *विश्वास* अर्थात ऐसा विश्वास था, जिसका वर्णन इब्रानियों 11 में किया गया है। यह अध्ययन उसी अध्याय की आयत 30 से आरम्भ होता है। मैं इस पाठ को ''विश्वास के द्वारा जय'' नाम दे रहा हूं। मैं आपको दिखाना चाहता हूं कि वचन किस प्रकार से पुस्तक के चरम की ओर बढ़ता है।

... विश्वास के नायक ... (11:30, 31)

यरीहो की शहरपनाह (11:30)

यहां हमें *विश्वास* के दो और विस्तृत उदाहरण मिलते हैं। आयत 30 का हर शब्द यहूदियों के मनों में अपनी जाति के इतिहास के लोगों से भर गया होगा। नगर को हराने के परमेश्वर के निर्देशों में (यहोशू 6:2-5) विश्वास का अभ्यास भी था।

राहाब (11:31)

दूसरा उदाहरण राहाब का है (देखें यहोशू 2:9-11)। यह हम पर एक असामान्य उदाहरण के रूप में प्रहार करता है: राहाब एक स्त्री थी[1] ... एक *काफ़िर* स्त्री ... एक *अधर्मी* काफ़िर स्त्री। उसका नाम यहां क्यों है? क्योंकि विश्वास के द्वारा उसने विजय पाई (देखें यहोशू 2:4-21)। उसने विनाश के ऊपर विजय प्राप्त की (यहोशू 6:22-25)। सबसे बढ़कर, उसने अपनी काफ़िर पृष्ठभूमि के ऊपर विजय पाई (देखें मत्ती 1:5)।

... जिन्होंने विजय पाई ... (11:32-36)

विश्वास के अन्य उदाहरण (11:32, 35, 36)

आयत 32 संक्षेप में विश्वास के अन्य नायकों का नाम बताती है *जिन्होंने विजय पाई।* इनमें से प्रत्येक ने विश्वास के द्वारा विजय पाई।

गिदोन: तीन सौ इस्राएली सिपाहियों ने परमेश्वर की योजना में विश्वास के कारण मिद्यानियों से युद्ध किया (न्यायियों 7)।

बाराक: अश्शूरियों को पराजित कर दिया गया, क्योंकि उन्हें परमेश्वर में विश्वास था

(न्यायियों 4)।

शिमशोन: (न्यायियों 13-16) उसने परमेश्वर में अपने विश्वास के द्वारा पलिश्तियों के विरुद्ध बड़ी सामर्थ दिखाई।

यिपतह: उसने परमेश्वर की सन्तान के लिए अमोनियों के ऊपर बड़ी विजय पाई (न्यायियों 11)।

दाऊद: वह कोई सिद्ध पुरुष नहीं था: परन्तु विश्वास का पुरुष अवश्य था (देखें भजन संहिता 23)।

शमूएल: (1 शमूएल): वह पुराने नियम के बड़े लोगों में से एक और विश्वास का एक बड़ा जन था।

भविष्यवक्ता: यशायाह, दानिय्येल, यिर्मयाह, जकर्याह, एलिय्याह, और एलीशा के बारे में सोचें।

अन्त में यह अध्याय ''दूसरों'' की ओर संकेत करता है (आयतें 35, 36)।[2] नायकों का होना आवश्यक है। आपके नायक कौन हैं?

विजय के उदाहरण (11:33-35क)

फिर हम विश्वास के द्वारा पाई गई विजय के विशेष उदाहरणों को पढ़ते हैं।

''इन्होंने विश्वास ही के द्वारा राज्य जीते'' दाऊद ने पलिश्तियों को वश में किया; गिदोन ने मिद्यानियों पर विजय पाई।

''धर्म [या न्याय] के काम किए'': उन्होंने वही किया जो सही था; इसके अलावा उन में से कुछ ने जिनके नाम दिए गए हैं निष्पक्ष न्यायाधीशों का काम किया।

''प्रतिज्ञा की हुईं वस्तुएं प्राप्त कीं'': दाऊद को मसीहा की प्रतिज्ञा दी गई थी (2 शमूएल 7:12-16), और दानिय्येल ने परमेश्वर की प्रतिज्ञाओं को पूरा होते हुए देखा (जैसे सत्तर वर्ष की दासता का अन्त जिसकी भविष्यवाणी यिर्मयाह ने दी थी)।

''सिंहों के मुंह बन्द किए'' दाऊद और शिमशोन ने शेरों को मारा था, पर विशेषकर दानिय्येल के बारे में सोचें (देखें दानिय्येल 6:23)।

''आग की ज्वाला को ठण्डा किया'': तीन इब्रानी पुरुषों को धधकती हुई आग ने भी कोई हानि नहीं पहुंचाई (दानिय्येल 3)।

''तलवार की धार से बच निकले'': दाऊद शाऊल की तलवार से बच गया था; एलिय्याह अहाब की तलवार से बचा।

''निर्बलता में बलवन्त हुए'': दाऊद एक चरवाहा लड़का ही था जब उसने गोलियत को हराया था; न्यायी गिदोन अपने पिता के घराने में सबसे छोटा था (न्यायियों 6:15)।

''लड़ाई में वीर निकले; विदेशियों की फौजों को मार भगाया'': यहां दिए गए कई लोगों ने बड़ी सैनिक विजयें प्राप्त कीं।

''स्त्रियों ने अपने मरे हुओं को फिर जीवित पाया'': दो स्त्रियां जिनके विषय में हम जानते हैं सारपत की विधवा और शुनामी स्त्री थी।

मैं यहूदी मसीही लोगों के जवाब देने की कल्पना कर सकता हूं, ''हमें तो लगा था कि

मसीहियत ऐसी रोमांचकारी होगी, जिसमें एक के बाद एक विजय ही मिलेगी, पर हमें तो पहले से भी अधिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है!'' रुकिये! यह चर्चा एक महत्वपूर्ण सच्चाई तक ले जाती है।

''... विपत्ति के बीच में भी'' (11:35ख-39क)

विपत्ति

आयतें 35 से 38 में यह स्पष्ट हो जाता है कि ''विजय'' का अर्थ परेशानी का न होना नहीं है। लेखक यही बताना चाहता था कि विश्वास के नायकों ने *विपत्ति के बीच में भी* विजय प्राप्त की।

कुछ लोग मुर्दों में से जी उठे (आयत 35क), परन्तु इब्रानियों 11 वाले नायक जीवित नहीं हुए, बल्कि उनमें से कुछ ''तो मार खाते-खाते मर गए; और छुटकारा न चाहा'' (आयत 35ख); यदि वे अपने विश्वास का इनकार कर देते तो छूट सकते थे। यदि कोई परमेश्वर का वफ़ादार रहता है तो यही उसकी विजय है। वे वफ़ादार रहे ''इसलिए कि उत्तम पुनरुत्थान के भागी हों'' (आयत 35ग);

''कई एक ठट्ठों में उड़ाए जाने; और कोड़े खाने; बरन बान्धे जाने; और कैद में पड़ने के द्वारा परखे गए'' (आयत 36); यिर्मयाह इसका एक उदाहरण है। उन पर ''पत्थरवाह किए गए'' (आयत 37क), जैसे जकर्याह पर हुआ। ''आरे से चीरे गए'' (आयत 37ख); परम्परा के अनुसार यशायाह को एक खाली लट्ठे के बीच में रखकर दो भागों में चीर डाला गया था। ''उनकी परीक्षा की गई'' (आयत 37ग) और जीवन भर वे परखे जाते रहे। सब ''तलवार की धार से'' नहीं बचे (आयत 34); कुछ ''तलवार से मारे गए'' (आयत 37घ)। ''वे कंगाली में और क्लेश में और दुख भोगते हुए'' (आयत 37ङ) इधर-उधर मारे मारे फिरे (आयत 38ख) जैसे उनके पास कुछ न हो। तौभी वे, वे लोग थे ''संसार जिनके योग्य न था'' (आयत 38ग)!

विजय!

क्या ये लोग विजयी थे? हां! आयत 39 के पहले भाग में हम पढ़ते हैं कि ''विश्वास ही के द्वारा इन सब के विषय में अच्छी गवाही दी गई।'' वे *परमेश्वर को स्वीकार्य* थे। इससे बड़ी कोई विजय है ही नहीं!

हम भी, ... हो सकते हैं (11:39ख, 40)

लेखक प्रासंगिकता बनाने को तैयार था; अपने पाठकों को बताना चाहता था कि वे भी विपत्ति के बीच विजय पाकर विश्वास के नायक बन सकते हैं। इसे और व्यक्तिगत बनाने के लिए मैं इसे इस प्रकार लिखता हूं: *हम भी* जो विपत्ति के बीच में भी विजय पाते हैं विश्वास के नायक *बन सकते* हैं। क्यों?

(1) क्योंकि हमें वह मिला है जिसकी प्रतिज्ञा की गई थी। पुराने नियम के विश्वास के नायकों को ''प्रतिज्ञा की हुई वस्तु न मिली'' (आयत 39ख); उन्होंने मसीहा अर्थात यीशु मसीह

के आने को नहीं देखा। परन्तु इब्रानी मसीही लोगों को उसकी शिक्षाएं प्राप्त हो गई थीं, और हमें भी।

(2) क्योंकि हमारे पास ''उत्तम बात'' है (आयत 40क)। हमारे पास एक उत्तम बलिदान, उत्तम वाचा, उत्तम आशा, और इब्रानियों की पुस्तक की अन्य सभी ''उत्तम'' बातें हैं।

(3) क्योंकि हमें आश्वस्त किया गया है कि विश्वास से पुराने नियम के नायक परमेश्वर की योजनाओं और उद्देश्यों के पूरा होने के सम्बन्ध में व्यर्थ में नहीं मरे। आयत 40 का अन्तिम भाग कहता है कि ''वे हमारे बिना सिद्धता को न पहुंचे।'' यह उनके उद्धार की बात नहीं करता, बल्कि उसके *पूरा होने* की बात है जिसका आरम्भ उनसे हुआ था। इस वचन में, ''सिद्ध'' उसके लिए कहा गया है जो पूरा या *सम्पूर्ण* हो गया है।

अगले अध्याय के आरम्भ में देखें, जहां जीवन की तुलना एक दौड़ से की गई है। बाधा दौड़ पर विचार करें। इब्रानियों 11 वाले नायकों ने उस दौड़ का आरम्भ किया था। अब विश्वास का डण्डा हमें पकड़ा दिया गया है। हम इसे गिरने न दें!

टिप्पणियां

[1]इब्रानियों 11 में केवल दो स्त्रियों का नाम है। [2]आप अपनी क्लास के लोगों से कह सकते हैं कि वे विश्वास के पुराने नियम के और नायकों पर विचार करें।